
ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com


# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू

## 50 अरेस्ट, 33 पुलिसकर्मी घायल, इनमें 3 DCP; संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग



**24 न्यूज अपडेट**

नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 3 DCP हैं। 5 आम लोग भी घायल हैं, इनमें से एक ICU में भर्ती है। दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें, 1 JCB जला दी। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को अरेस्ट किया गया है।

वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है।

### औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से बवाल हुआ

सोमवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। VHP के मुताबिक, ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम 7:30 बजे नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गई। पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी की।

पुलिस पर भी हमला किया गया। DCP निकेतन कदम कुल्हाड़ी के हमले से घायल हो गए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। रात 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई।

### मुंबई के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी सुरक्षा बढ़ी

हिंसा के बाद शहर के गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर में कर्फ्यू लगाया गया है। इसके अलावा मुंबई में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# यात्रियों की सुविधा हेतु स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन



**24 न्यूज अपडेट**

रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु श्रीगंगानगर-ढेहर का बालाजी (जयपुर) एक तरफा व ढेहर का बालाजी (जयपुर)-चूरू-ढेहर का बालाजी (जयपुर) स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडीः-

1. गाडी संख्या 04701, श्रीगंगानगर-ढेहर का बालाजी (जयपुर) एक तरफा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 19.03.25 को श्रीगंगानगर से 03.30 बजे रवाना होकर 14.30 बजे ढेहर का बालाजी पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सादुलशहर, हनुमानगढ, हनुमानगढ टाउन, एलनाबाद, नोहर, गोगामेडी, तहसील भादरा, सिद्धमुख, सादुलपुर, चूरू, रामगढ शेखावाटी,फतेहपुर शेखावाटी, लक्ष्मणगढ सीकर, सीकर, पलसाना, रींगस, गोविन्दगढ मलिकपुर व चौमू सामोद स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस रेलसेवा में 09 साधारण श्रेणी, 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 11 डिब्बें होगें।

2. गाडी संख्या 09701, ढेहर का बालाजी (जयपुर)-चूरू स्पेशल रेलसेवा दिनांक 19.03.25, 20.03.25, 21.03.25, 23.03.25, 24.03.25, 25.03.25, 27.03.25, 28.03.25, 30.03.25, 31.03.25, 01.04.25, 03.04.25, 04.04.25, 06.04.25, 07.04.25, 08.04.25, 10.04.25, 11.04.25, 13.04.25, 14.04.25, 15.04.25, 17.04.25, 18.04.25, 20.04.25, 21.04.25, 22.04.25, 24.04.25, 25.04.25, 27.04.25, 28.04.25 व 29.04.25 को (31 ट्रिप) ढेहर का बालाजी से 18.40 बजे रवाना होकर 23.30 बजे चूरू पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09702, चूरू-ढेहर का बालाजी (जयपुर) स्पेशल रेलसेवा दिनांक 20.03.25, 21.03.25, 22.03.25, 24.03.25, 25.03.25, 26.03.25, 28.03.25, 29.03.25, 31.03.25, 01.04.25, 02.04.25, 04.04.25, 05.04.25, 07.04.25, 08.04.25, 09.04.25, 11.04.25, 12.04.25, 14.04.25, 15.04.25, 16.04.25, 18.04.25, 19.04.25, 21.04.25, 22.04.25, 23.04.25, 25.04.25, 26.04.25, 28.04.25, 29.04.25 व 30.04.25 को (31 ट्रिप) चूरू से 04.00 बजे रवाना होकर 09.00 बजे ढेहर का बालाजी पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में नींडर बैनाड, चौमू सामोद, गोविन्दगढ मलिकपुर, छोटा गुढा, रींगस, पलसाना, सीकर, लक्ष्मणगढ सीकर, फतेहपुर शेखावाटी, रामगढ शेखावाटी व बिसाऊ स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस रेलसेवा में 09 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित 11 डिब्बे होगे।


# रूस-यूक्रेन युद्धविराम समझौता : बाधाएं, अवसर और शांति की राह कितनी स्थायी ?



रूस-यूक्रेन युद्ध में 95 हजार से अधिक रूसी और 43 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं. रूस ने फरवरी 2022 में आक्रमण शुरू किया था तब से लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा. अब रूस यूक्रेन के लगभग 20% क्षेत्र को नियंत्रित करता है. अगस्त में कुर्स्क हमले में यूक्रेन द्वारा कब्जा किए गए लगभग 70% क्षेत्र पर फिर से नियंत्रण कर लिया है. इस पृष्ठभूमि में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कीव और मास्को के बीच संघर्ष को स्थगित करने के लिए 30 दिन के युद्ध विराम के वाशिंगटन के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है.

मास्को और कीव के बीच प्रस्तावित 30-दिवसीय युद्ध विराम जटिल और बहुआयामी है. पुतिन ने वार्ता के लिए शर्तें और स्पष्टीकरण निर्धारित किए हैं, जिनमें कीव के लिए नाटो की सदस्यता न देने का आश्वासन, वर्तमान राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की की जगह चुनाव, रूस द्वारा कुछ क्षेत्रों पर कब्ज़ा करने की मान्यता, युद्धविराम अवधि के दौरान यूक्रेन को कोई सैन्य सहायता न देना और यूक्रेन में कोई विदेशी सैनिक न रखना, रूस द्वारा दावा किए गए क्षेत्रों से यूक्रेन की वापसी और रूसी भाषी नागरिकों की सुरक्षा शामिल है. रॉयटर्स द्वारा समीक्षा किए गए संयुक्त राज्य अमेरिका (यू.एस.) सरकार के दस्तावेजों के अनुसार, मास्को रूस की सीमा के भीतर यूरोप में अमेरिकी मध्यम दूरी की मिसाइलों की तैनाती पर प्रतिबंध लगाना चाहता है. साथ ही पूर्वी यूरोप से लेकर काकेशस और मध्य एशिया तक अमेरिका और अन्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) बलों द्वारा सैन्य अभ्यास न करने पर जोर दे रहा है. दस्तावेजों में पोलैंड और रोमानिया जैसे पूर्व साम्यवादी देशों में नाटो सैनिकों की गैर मौजूदगी की मास्को की आकांक्षा का भी उल्लेख है.

# पाकिस्तान के फर्जी कॉल सेंटर में लूट



**24 न्यूज अपडेट**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर में लोगों ने घुसकर कंप्यूटर और लैपटॉप लूट लिए। घटना 15 मार्च की है। पाकिस्तान की जांच एजेंसी FIA ने फर्जी कॉल सेंटर पर रेड मारी थी। रेड के बाद कॉल सेंटर में स्थानीय लोग घुस गए और कीमती सामान लूट लिया।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो कई लोग कॉल सेंटर से कंप्यूटर और लैपटॉप लेकर भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है। कॉल सेंटर धोखाधड़ी का कारोबार चलाने का आरोप था, जिसे लेकर पिछले कुछ समय से इसकी जांच चल रही थी। इसके बाद FIA (फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) की साइबर सेल ने कॉल सेंटर पर छापेमारी की। इसमें 24 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल थे, जबकि कई भागने में कामयाब रहे।

# सुनीता विलियम्स 9 महीने बाद अंतरिक्ष से रवानाःस्पेस स्टेशन से अलग हुआ यान, कल सुबह 3:27 बजे समुद्र में लैंडिंग



अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी आज, 18 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना हुए।

चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 08:35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होगा।

पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सुनीता विलियम्स को लेटर लिखा है, जिसमें उन्होंने सुनीता की धरती पर सुरक्षित वापसी की कामना की है। साथ ही उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया है,

# वोटर कार्ड को आधार से लिंक करने की तैयारी

केंद्र सरकार वोटर आईडी और आधार को लिंक करने की तैयारी कर रही है। इसे लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग और यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (UIDAI) के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें दोनों को लिंक करने पर सहमति बनी। अब जल्द ही इस पर एक्सपर्ट की राय ली जाएगी। आयोग का कहना है कि वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का काम मौजूदा कानून और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। इससे पहले 2015 में भी ऐसी ही कोशिश हो चुकी है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसे रोक दिया गया था। चुनाव आयोग ने कहा, 'संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार मतदान का अधिकार केवल भारत के नागरिक को दिया जा सकता है, लेकिन आधार केवल व्यक्ति की पहचान है। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र को आधार से लिंक करने के लिए सभी कानूनों का पालन किया जाएगा।'

# LIC की जल्द हेल्थ इंश्योरेंस बिजनेस में होगी एंट्रीः31 मार्च तक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान करेगी




**24 न्यूज अपडेट**

सरकारी कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (LIC) जल्द ही एक हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी खरीद सकती है। मंगलवार को LIC के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि इंश्योरेंस कंपनी चालू वित्त वर्ष 25 के आखिरी तक यानी 31 मार्च तक एक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा कर सकती है।

हालांकि, सिद्धार्थ मोहंती ने उस कंपनी का नाम नहीं बताया है, जिसमें LIC महत्वपूर्ण हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। मोहंती ने मुंबई में ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ एक्चुअरीज के मौके पर कहा, 'हमारे पास योजनाएं हैं और कंपनी के साथ चर्चाएं फाइनल स्टेज में हैं।


LIC के लिए हेल्थ इंश्योरेंस में प्रवेश करना एक नेचुरल चॉइस है। रेगुलेटरी अप्रूवल्स में समय लगता है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि इस वित्तीय वर्ष के भीतर 31 मार्च से पहले फैसला लिया जाएगा।'

### LIC बहुमत हिस्सेदारी हासिल नहीं करेगी

मोहंती ने यह भी स्पष्ट किया कि LIC हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में बहुमत हिस्सेदारी हासिल नहीं करेगी। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में LIC ने कहा था कि वह हेल्थ इंश्योरेंस बिजनेस में प्रवेश करने के लिए वित्त वर्ष 2025 में एक स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी में हिस्सेदारी हासिल करना चाहती है। अभी मार्केट में सात स्टैंडअलोन हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां हैं, जिसमें स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, केयर हेल्थ इंश्योरेंस, आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस, मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस, नारायण हेल्थ इंश्योरेंस और गैलेक्सी हेल्थ इंश्योरेंस के नाम शामिल हैं।

# सेंसेक्स 1131 अंक ऊपर 75,301 पर बंदःनिफ्टी भी 325 अंक चढ़ा, आज निवेशकों की वेल्थ 7.06 लाख करोड़ बढ़ी

## निफ्टी के मीडिया और रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी




**24 न्यूज अपडेट**

ग्लोबल मार्केट से मिले पॉजिटिव संकेतों के बाद आज यानी, 18 मार्च को सेंसेक्स में 1131 अंक की तेजी रही, ये 75,301 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 325 अंक चढ़कर 22,834 पर बंद हुआ। BSE के 30 शेयरों में से 26 में तेजी रही। सबसे ज्यादा बढ़त जोमैटो में 7.43%, ICICI बैंक में 3.40% और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.07% रही। वहीं, NSE के 50 शेयरों में से 46 में तेजी रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी मीडिया में 3.62%, रियल्टी में 3.16%, ऑटो में 2.38%, सरकारी बैंक में 2.29% और निफ्टी मेटल में 2.13% रही।

# चांदी पहली बार 1 लाख के पारः633 रुपए बढ़कर 1 लाख 400 रुपए किलो हुई, 10 ग्राम सोना 88,354 ऑलटाइम हाई

## इस साल अब तक 12,192 रुपए महंगा हुआ सोना




*कीमत रुपए प्रति 10 ग्राम में | सोर्स: IBJA*

**सोने-चांदी** की कीमत आज यानी, 18 मार्च को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 253 बढ़कर 88,354 हो गया है। इससे पहले गोल्ड कल 88,101 पर था। वहीं, एक किलो चांदी आज 633 महंगी होकर 1,00,400 प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी का भाव 99,767 प्रति किलो था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के अनुसार इस साल सोना 92 हजार तक जा सकता है।

## संपादकीय : अपनी आग में

पाकिस्तान इन दिनों अपनी ही आग में झुलस रहा है। उधर बलूचिस्तान प्रांत में उसे बलूच विद्रोहियों से कड़ी चुनौती मिल रही है, इधर पाक सेना के तैयार किए आतंकवादियों को निशाना बनाया जाने लगा है। लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर जिया-उर-रहमान की पाकिस्तान में हत्या इस बात का संकेत है कि आतंकवाद खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन चुका है । छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आइएसआइ आतंकवादी संगठनों को इस इरादे से संरक्षण देते रहे हैं कि उनके जरिए भारत में अशांति फैलाई जा सके। मगर वही आतंकी अब उसके लिए मुश्किलें खड़ी करने लगे हैं। तमाम सबूतों से जाहिर है कि लश्कर जैसे आतंकी संगठनों के नेताओं को वहां की सरकार कड़े पहरे और सुरक्षा घेरे में रखती है। जिन संगठनों और आतंकियों को विश्व भर में प्रतिबंधित किया जा चुका है, उन्हें भी यह पोसती है छिपी बात नहीं है कि हाफिज सईद ने भारत में अनेक आतंकी हमलों की साजिश रची थी, पर पाकिस्तानी हुकूमत इसे मानने को तैयार नहीं । उसने हाफिज को कड़ा सुरक्षा घेरा मुहैया करा रखा है। ताजा घटना मारा गया जिया-उर-रहमान हाफिज का खास कमांडर था और उसे भी पाकिस्तानी सेना ने कड़ी सुरक्षा दे रखी थी। खबर है कि जिया-उर-रहमान के मारे जाने के बाद पाकिस्तान सरकार के माथे पर बल पड़ गए हैं। वहां की सेना ने हाफिज सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है। रहमान जम्मू- कश्मीर में अनेक आतंकी गतिविधियों का साजिशकर्ता था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने उसे वांछितों की सूची में डाल रखा था। मगर पाकिस्तानी सेना की कड़ी सुरक्षा में सेंध लगा कर अगर रहमान को मार डाला गया, तो जाहिर है, वहां ऐसे संगठन तैयार हो चुके हैं, जो सरकारी सुरक्षा वाले आतंकी संगठनों को चुनौती देने लगे हैं। भारत लगातार कहता और सबूत पेश करता रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दी का कारखाना बन चुका है। मगर उस पर कभी गंभीरता से अंकुश लगाने की अंतरराष्ट्रीय कोशिश नहीं हुई। पहले अमेरिका उसके दहशतगर्दों का बचाव करता था, अब चीन करने लगा है। जब भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की बात उठती है, तो चीन अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर उसे बचा लेता है। इसलिए कि पाकिस्तान से उसके स्वार्थ जुड़े हैं। मगर पाकिस्तान खुद यह समझना नहीं चाहता कि आतंकवाद को पोसने का खमियाजा सबसे अधिक उसे ही उठाना पड़ रहा है। इसी महीने आई विश्व आतंकवाद से संबंधित रपट में खुलासा हुआ कि दुनिया में सबसे अधिक आतंकवाद से प्रभावित देश पाकिस्तान है। पाकिस्तान इन दिनों सबसे खराब माली हालत से गुजर रहा है वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सेवाएं बुरी तरह चरमरा चुकी हैं। वहां की आम अवाम आटे दाल के लिए संघर्ष कर रही है। मगर पाकिस्तानी हुकूमत का ध्यान मुल्क की माली हालत बेहतर करने के बजाय चीन की इमदाद पर अधिक है। इसका तीखा विरोध उसे बलूचिस्तान प्रांत में झेलना पड़ रहा है। पाकिस्तान के बाकी हिस्सों में भी गहरा असंतोष है। ऐसे में आतंकवादियों को पोसने पर पाकिस्तानी सेना का खर्च लोगों की आंखों में चुभ रहा है। इस कयास से इनकार नहीं किया जा सकता कि ऐसे ही किसी विद्रोही गुट ने वहां पल रहे आतंकवादी संगठनों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। अगर पाकिस्तान इसी तरह आग से खेलता रहा, तो वह और झुलसेगा ।

## सहयोग का मोर्चा

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बदलते भू- राजनीतिक समीकरणों के दौर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच सहयोग की जो नई संभावनाएं बनी हैं, वे कई लिहाज से महत्त्वपूर्ण हैं। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान सोमवार को दोनों देशों के बीच रक्षा, शिक्षा, खेल, बागवानी, वानिकी के क्षेत्रों में अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते की ओर कदम बढ़ाने का निर्णय लिया गया, ताकि आपसी व्यापार और निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा दिया जा सके। रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने के फैसले के तहत संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण के साथ-साथ रक्षा उद्योग में सहयोग की संभावनाएं बनाई जाएंगी। कूटनीति के समांतर सौहार्द के मोर्चे को भी मजबूत करने के लिए अगले वर्ष दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के सौ 'होने का उत्सव मनाने का भी निर्णय लिया गया है। आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरपंथ वैश्विक स्तर पर आज जटिल समस्या बन चुके हैं। ऐसे में सीमित स्तर पर ही सही, न्यूजीलैंड में कुछ अवांछित तत्त्व जिस तरह भारत के खिलाफ अपनी गतिविधियां चलाते रहे हैं, वह एक बड़ी चिंता का कारण रहा है। हालांकि ऐसे अवैध तत्त्वों के खिलाफ न्यूजीलैंड सरकार ने कार्रवाई की है, लेकिन अब इस मसले पर सहयोग को और मजबूत करने की कोशिश होगी। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच साझेदारी आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की एक अहम कड़ी है। इसके अलावा, भारत और न्यूजीलैंड के बीच समूचे हिंद-प्रशांत जैसे बड़े क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति और इसके विकास में सहयोग के मुद्दे सहित रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उपजे परिणामों के मसले पर पहले से संभावनाओं की तलाश जारी थी, लेकिन दोनों देशों के बीच हुई ताजा बातों के बाद सहयोग के मोर्चे पर तस्वीर ज्यादा साफ हुई है भारत के लिहाज से यह समझौता इसलिए ज्यादा मायने रखता है कि फिलहाल वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले देशों के बीच जिस स्तर की कूटनीतिक खींचतान चल रही है, उसमें भारत के लिए अपनी स्थिति को अलग-अलग स्तर पर मजबूत करना वक्त का तकाजा है।

# उदयपुर में शोरूम में आग, मालिक की पत्नी-बच्चे फंसे:भीड़भाड़ वाले बाजार में अफरा-तफरी, सैकड़ों लोगों को हटाया, दुकानें बंद करवाईं



**24 न्यूज अपडेट**

लेकसिटी उदयपुर में घड़ी के शोरूम में लगी आग के बाद पूरे बाजार में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। तीन मंजिला शोरूम के एक फ्लोर पर मालिक का परिवार भी फंस गया। आग की सूचना के बाद बाजार के एक हिस्से को खाली कराया गया। सैकड़ों लोगों को आसपास से हटाने में पुलिस-प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना मंगलवार (18 मार्च) सुबह करीब 10 बजे बापू बाजार की है।

### आग में दो फ्लोर घिरे, नहीं पहुंचे सके परिवार तक

पुलिस के अनुसार सुबह बापू बाजार में एक घड़ी कंपनी के शोरूम में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर जानकारी मिली कि शोरूम मालिक निकेश वलवानी का परिवार भी इसी बिल्डिंग की तीसरी फ्लोर पर फंसा है। पहली मंजिल पर आग लगी थी, लेकिन कुछ मिनटों में ही दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। रेस्क्यू टीम परिवार तक पहुंचने की दो घंटे तक कोशिश करती रही, लेकिन लपटें तेज होने के कारण रेस्क्यू नहीं हो सका।

### कुछ मिनटों में आग फैलने से फंसा परिवार

आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। भीड़ को शोरूम से दूर किया गया है। आस-पास के दुकानदारों को भी दुकान बंद रखने के लिए कहा गया है। सूरजपोल थाना के भावेश गुर्जर और SI वीरम सिंह ने सीढ़ी लगाकर दुकानदार, उनकी पत्नी और दोनों बच्चों को बगल वाली बिल्डिंग से सुरक्षित बाहर निकाला।

शोरूम मालिक के रिश्तेदार प्रकाश आहूजा ने बताया कि- घर में मेरी भांजी, उनके पति और दो बच्चे थे। वे सुबह करीब 9 बजे नीचे आए तो जलने की बदबू आई। इसके बाद ऊपर पानी लेने गए, लेकिन आग फैल गई। धुआं ऊपर तक आने से बाहर नहीं निकल पाए।

# वरिष्ठ पत्रकार के परिजनों से अभद्रता मामला : सीएमओ ने लिया संज्ञान, चालक-परिचालक को कारण नोटिस



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर से प्रतापगढ़ जाने वाली बस संख्या 4442 में गंभीर लापरवाही बरतते हुए उदयपुर के वरिष्ठ पत्रकार फोटो जर्नलिस्ट के परिवार के साथ कंडक्टर की ओर से की गई अभद्रता, बस नहीं रोकने व रास्ते में उतार देने के मामले की गूंज सीएमओ तक पहुंच गई है। उदयपुर आगार के मुख्य प्रबंधक की ओर से प्रतापगढ़ आगार के मुख्य प्रबंधक को शिकायत भेजने के बाद वहां से कंडक्टर और ड्राइवर को नोटिस जारी किया गया है जिसमें उनका पक्ष रखने को कहा गया है। पक्ष रखे जाने के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। इधर, इस मामले में सीएमओ की ओर से भी प्रतापगढ़ आगार से जवाब मांगे जाने की सूचना है। इसके अलावा कुछ जन प्रतिनिधियों ने भी मामले में जवाब तलब किया है जिसके बाद से हड़कंप मचा हुआ है। सभी का पक्ष है कि इस तरह का बर्ताव कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आपको बता दें कि सीएम पोर्टल पर भी मामले को संज्ञान में लाया गया है। पत्रकार संगठनों ने अशोभनीय बर्ताव पर रोष जताते हुए तत्काल कार्रवाई की बात कही है। आपके बता दें कि पहले से आरक्षित सीट का टिकट लेकर बैठने के बावजूद रास्ते में अन्य परिजनों को बस में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। इससे यात्री और परिवार को भारी मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। जर्नलिस्ट ऋषभ जैन ने रोडवेज प्रबंधक को शिकायत दी व बताया कि उनकी सालीजी ने उदियापोल डिपो से चार टिकट 17 मार्च को सुबह 5.47 बजे खरीदे। सीट नम्बर आवंटित किया गया। इससे पूर्व स के कंडक्टर जसप्रीत सिंह से सहमति ली गई कि वे बस को ठोकर चौराहे पर रोडवेज के पारंपरिक स्टोपेज पर रोक कर वहां से तीन सवारी बिठा लेंगे। बस को कंडक्टर ने जान बूझकर ठोकर चौराहे पर नहीं रोका जहां पर जैन पत्नी व दो बच्चियों को लेकर पहले से मौजूद थे। चालक गोविंद सिंह ने बस रोकी ही नहीं। अंदर बैठी रिश्तेदार ने बार-बार अनुनय विनय किया तो भी बस को नहीं रोका गया। कंडक्टर ने कठोर बर्ताव किया व प्रतापनगर आने को कहा। वहां पहुंचे तो वहां भी बस नहीं रोकी व डबोक आने को कहा। जब हैरान परेशान होकर डबोक तक पहुंचे तो पता चला कि बस चालक व कंडक्टर बुरा बर्ताव करते हुए उनकी बहन को बस से उतार कर पहले ही चलता बना व कहा कि वापस जाकर टिकट बदलवा लेना। इस बीच जैन ने कंडक्टर से बात की तो उसने बदतमीजी से बात की व कहा कि जो करना है कर लेना। पूरे मामले से मेरी बच्चियां, पत्नी व सालीजी सदमे में आ गए व सडक पर ही रोने लग गए। इस भयंकर मानसिक प्रताड़ना के बावजूद जब मैंने अधिकारियों को फोन किया तो उन्होंने नहीं उठाया। बाद में जब उच्च स्तर पर शिकायत की गई तब जाकर पूरा महकमा सकते में आ गया। शिकायत विधायक, सांसद, सीएमओ सहित अन्य उच्च अधिकारियों से करते हुए न्याय की गुहार लगाई गई।

# ईडाणा माता ने किया अग्नि स्नानः श्रृंगार जलकर हुआ भस्म, प्रतिमा पर नहीं पड़ा प्रभाव



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुरः मेवाड़ के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक ईडाणा माता मंदिर में मंगलवार सुबह करीब 9 अचानक प्रतिमा के समीप अग्नि प्रज्वलित हुई. इसकी सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण दर्शन के लिए पहुंचने लगे. करीब 20 मिनट तक अग्नि प्रज्वलित रही. माना जाता है कि इस तरह माता 'अग्नि स्नान' करती है. मान्यता है कि मेवल की महारानी के नाम से प्रसिद्ध ईडाणा माता समय-समय पर अग्नि स्नान करती रहती हैं.

**समय या तिथि फिक्स नहीं:** मेवल क्षेत्र में करीब 52 गांव आते हैं. इसमें से ईडाणा गांव भी एक है, जहां माता का मंदिर बना है. इस 'अग्नि स्नान' का कोई समय या तिथि फिक्स नहीं है. इसे प्रत्यक्ष देखने वाले स्वयं को भाग्यशाली मानते हैं. कहा जाता है कि माता जब अग्नि स्नान करती है, तो सारा श्रृंगार जलकर भस्म हो जाता है, लेकिन प्रतिमा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता. इसके बाद माताजी को नया श्रृंगार कराया जाता है. इस अग्नि स्नान में मां पर चढ़ाई जाने वाली चुनर और धागे भस्म हो जाते हैं. प्रतिमा के पीछे अनगिनत त्रिशूल लगे हैं. भक्तजन अपनी मन्नत पूरी होने पर यहां त्रिशूल चढ़ाते हैं. संतान की मन्नत रखने वाले भक्त यहां झूले चढ़ाते हैं. ये मंदिर उदयपुर शहर से 60 किलोमीटर दूर अरावली की पहाड़ियों के बीच बसा हुआ है. मां का ये दरबार एक खुले चौक में स्थित है. इनके चारों तरफ कमेटी के कार्यालय, धर्मशाला आदि बन गए हैं. ईडाणा माता परिसर में दर्शन के लिए मां का दरबार, अखंड ज्योति दर्शन, धुनी दर्शन, रामदेव मंदिर और एक बड़ा भोजनशाला भी है. मान्यता है कि लकवा से ग्रसित रोगी मां के दरबार में आकर ठीक हो जाते हैं.

**आग लगने का रहस्य बरकरार:** वहीं, आज तक कोई यह पता नहीं लगा सका है कि यह आग भला कैसे लगती है और आग कब लगती है. वहीं, कभी साल में दो बार तो कभी एक बार मातारानी अग्नि स्नान करती हैं. हालांकि, कई बार ऐसा भी हुआ है कि माता ने पूरे सालभर अग्नि स्नान नहीं किया. स्थानीय लोगों की मानें तो इस अग्नि स्नान का कोई समय और तिथि तय नहीं है.

# उदयपुर में जमीनों पर कब्जा करने वाले गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर पुलिस ने दिलीप नाथ की गैंग के दो सदस्यों को पकड़ा है। दोनों दिलीप नाथ के इशारे में लोगों को डरा-धमकाकर जमीनों पर अवैध कब्जा करते थे। एक पिस्टल भी बरामद की गई है। दोनों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दोनों से जमीनों के एग्रीमेंट और अवैध पिस्टल सहित अन्य मामलों में पूछताछ की जाएगी।

### राजू तेली हत्याकांड में शामिल एक आरोपी

थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने बताया- आरोपी यशपाल सालवी और हिस्ट्रीशीटर नरेश पालीवाल को गिरफ्तार किया है। यशपाल सालवी दो साल पहले हुए राजू तेली हत्याकांड में आरोपी था। साल 2019 में सीए सर्कल पर जसवंत गुर्जर हत्याकांड में भी मुख्य आरोपी था। इसके अलावा किडनैप, फिरौती और अवैध आर्म्स के 5 मामले पहले ही दर्ज हैं। यशपाल के कब्जे से एक अवैध पिस्टल बरामद की है।

नरेश पालीवाल अंबामाता थाने का हिस्ट्रीशीटर है। इसके खिलाफ मारपीट, लड़ाई-झगड़े और जमीनों पर अवैध कब्जे की नियत से धमकाने आदि के कुल 14 मामले पहले से दर्ज हैं।

### यशपाल ने नरेश से खरीदी थी अवैध पिस्टल

पुलिस थाना नाई ने आरोपी यशपाल सालवी को सीसारमा जंगल सफारी क्षेत्र से एक अवैध पिस्टल के साथ पकड़ा था। यशपाल का संबंध दिलीप नाथ से होने से इसकी जांच का जिम्मा गोवर्धन विलास थानाधिकारी को सौंपा गया है। यशपाल ने अवैध पिस्टल नरेश पालीवाल से खरीदना बताया था। जिस पर नरेश पालीवाल को गिरफ्तार किया गया।

# एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

प्रतापगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक बड़े मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में कोलवी मंदिर निवासी ईश्वर सिंह को हिरासत में लिया गया है। मामला 3 मार्च 2023 का है, जब छोटीसादड़ी पुलिस ने एक एक्सयूवी से तीन लोगों को 151 किलो 200 ग्राम अवैध डोडाचूरा के साथ पकड़ा था। पकड़े गए आरोपियों में पंकज मेघवाल, विनोद मेघवाल और राजू नायक शामिल थे। इस मामले में थाना धमोतर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि डोडाचूरा अजय नायक और रामनारायण पाटीदार से खरीदा गया था। पुलिस ने रामनारायण को गिरफ्तार किया, जिसने खुलासा किया कि यह माल ईश्वर सिंह से छायन गांव में लिया था। तब से ईश्वर सिंह फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने 17 मार्च को कोलवी मंदिर में दबिश देकर ईश्वर सिंह को पकड़ा। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की जांच चल रही है।

# 30 ग्राम ड्रग्स के साथ जिम ट्रेनर गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़ में 30 ग्राम MDMA ड्रग्स के साथ एक जिम ट्रेनर को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई कोतवाली थाना पुलिस और जिला विशेष शाखा की टीम ने मिलकर की है। आरोपी की जिम के साथ-साथ सप्लीमेंट की दुकान भी है। यह छोटी-छोटी पुड़िया में ड्रग्स बेचने का भी काम करता है, जबकि पेमेंट के लिए ग्राहकों अपनी दुकान पर ही बुलाता था। आरोपी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में मिस्टर राजस्थान और मिस्टर मेवाड़ का खिताब भी जीत चुका है।

### पुलिस को देखकर की भागने की कोशिश

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि डीएसपी विनय चौधरी के निर्देशन पर थानाधिकारी भवानी सिंह के नेतृत्व में गश्त की जा रही थी। इसी दौरान किला रोड पर स्थित अनोखा हनुमान मंदिर की गली में एक व्यक्ति बाइक पर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वो वापस बाइक को मोड़कर जाने लगा। उसे पकड़ कर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम चंदेरिया निवासी मोनू खान (25) पुत्र अब्दुल कादर खान बताया। तलाशी लेने पर उसकी पेंट की जेब से एक प्लास्टिक की थैली मिली। जिसमें 30 ग्राम MDMA ड्रग मिला। पुलिस ने तुरंत आरोपी मोनू खान को गिरफ्तार कर लिया।

### दुकान पर बेचता था ड्रग

जानकारी में आया कि आरोपी एक जिम ट्रेनर है और उसकी एक सप्लीमेंट की शॉप भी है। वहां पर वो काफी लो क्वालिटी का ड्रग भी रखता था। जिम में आने वाले और आसपास के कई युवाओं को वो ड्रग पुड़िया बनाकर बेचता था। जबकि इसका पेमेंट देने के लिए ग्राहकों को दुकान में ही बुलाता था।

आरोपी बॉडी बिल्डिंग के कंपटीशन में मिस्टर राजस्थान और मिस्टर मेवाड़ का खिताब भी जीत चुका है। इस कार्रवाई में एसआई देवेंद्र कुमार, कॉन्स्टेबल हरफूल, राजेश कुमार, प्रहलाद कुमार, गजानंद, राधेश्याम और जिला विशेष शाखा से हेड कॉन्स्टेबल मुस्ताक, प्रमोद कुमार, कॉन्स्टेबल मुनेंद्र शामिल रहे।

# RPSC ने दिया विभिन्न परीक्षाओं हेतु संशोधन का अवसर : नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि में कर सकेंगे संशोधन




24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मई माह में प्रस्तावित विभिन्न परीक्षाओं के अन्तर्गत संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि भूवैज्ञानिक एवं सहायक खनि अभियंता (खान एवं भूविज्ञान विभाग) परीक्षा, 2024 का आयोजन दिनांक 7 मई 2025 को, सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2024 (09 विषय) का आयोजन 12 मई से 16 मई 2025 तक, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (गृह विभाग) परीक्षा, 2024 (08 विषय) का आयोजन 12 मई से 16 मई 2025 तक एवं जनसम्पर्क अधिकारी (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग) परीक्षा, 2024 का आयोजन दिनांक 17 मई 2025 को करवाया जाना प्रस्तावित है। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को उक्त परीक्षाओं के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों के अनुसार 19 से 25 मार्च 2025 तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऑनलाइन संशोधन के लिए शुल्क व प्रक्रिया— संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी को ई-मित्र/ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से रू. 500/- का शुल्क जमा कराना होगा। आयोग के ऑनलाइन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध एप्लाई ऑनलाइन लिंक अथवा एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाइन संशोधन किया जा सकेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in<mailto:recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in» पर ई-मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

### वांछित अहर्ता न होने पर भी आवेदन करने वाले अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन विड्रा

निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अथवा अनुभव धारित नहीं होने के उपरांत भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के अंतर्गत एवं आयोग की आगामी भर्ती प्रक्रिया से वंचित करने की कार्यवाही की जा सकती है। अतः ऐसे अभ्यर्थी भी उक्त अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित कर सकते हैं। इसके लिए एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध विड्रा बटन पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहरित किया जा सकता है।

# पहचान पोर्टल 20 व 21 को रहेंगे बंद, नहीं बनेंगे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र




24 न्यूज अपडेट. जयपुर। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव श्री विनेश सिंघवी ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए राज्य में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन का कार्य ऑनलाईन वेबपोर्टल 'पहचान' के माध्यम से सरलता व सुगमता से सम्पादित किया जा रहा है एवं कम्प्यूट्रीकृत और ई-साईन युक्त जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 'पहचान' पोर्टल पर जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित लगभग 3.50 करोड़ डाटा संग्रहीत हो चुका है और भविष्य में यह डाटा ओर अधिक बढ़ेगा। इस स्थिति के मध्यनजर पहचान पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेंटर (ठैक्ब्) पर माइग्रेशन किया जा रहा है ताकि पंजीयन का कार्य सुचारू रूप से सम्पादित होता रहे। उक्त कार्य की क्रियान्विति हेतु दिनांक 20.03.2025 एवं 21.03.2025 (दो दिवस) को पहचान पोर्टल से जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित समस्त कार्य बंद रहेंगे एवं प्रमाण पत्र जारी नहीं किये जा सकेंगे।

# आरआरडीसी के नाम से भर्तियों के झांसे में न आएं बेरोजगार




24 न्यूज अपडेट

जयपुर,। राजस्थान रूरल डवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन (RRDC) के नाम से विभिन्न पदों पर भर्ती का फर्जी विज्ञापन सोशल मीडिया साइटों पर चल रहा है।विज्ञापन में RRDCVacancy - 2025 के नाम से बड़ी संख्या में रूरल डवलपमेन्ट ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की भर्ती की विज्ञप्ति निकाली गई है। विज्ञापन में फर्जी तरीके से राज्य सरकार का लोगो लगा हुआ है तथा शासन सचिवालय का पता दिया गया है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में उप शासन सचिव प्रशासन श्री धारा सिंह मीना ने बताया कि भर्ती विज्ञप्ति में आरआरडीसी के नाम से फर्जी वेबसाइट https://rajasthan-rdc-gov.online तथा फर्जी ई-मेल rrdcgov@gmail.com दिया गया है। उन्होंने अपील की है कि यह एक फेक विज्ञप्ति है , युवा इसके झांसे में न आएं।

# किसानों के लिए खुशखबरी : समर्थन मूल्य पर सरसों-चना खरीद की तारीख तय, 1 अप्रैल से पंजीकरण



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः सरसों और चना की फसल समर्थन मूल्य पर बेचन को लेकर इंतजार कर रहे किसानों के लिए अच्छी खबर है. भजनलाल सरकार ने सरसों और चना की खरीद की सभी तैयारियां पूरी करते हुए तारीख तय कर दी है. किसान 1 अप्रैल से पंजीकरण करवा सकते हैं. वहीं, 10 अप्रैल से खरीद शुरू हो जाएगी. सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में सदैव तत्पर है और आगामी रबी सीजन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर सरसों और चना की खरीद के लिए सभी तैयारियां आरंभ की जा चुकी हैं.

**10 अप्रैल से खरीद होगी शुरू** : सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि इस वर्ष राज्य में सरसों का लगभग 62 मीट्रिक टन एवं चने का लगभग 23 लाख मीट्रिक टन उत्पादन संभावित है. भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राज्य में सरसों की 13.89 लाख मीट्रिक टन और चने की 6.30 लाख मीट्रिक टन खरीद किया जाना प्रस्तावित है. उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर सरसों एवं चना के विक्रय हेतु किसान 1 अप्रैल से ई-मित्र के माध्यम से पंजीयन करवा सकेंगे. जबकि खरीद का कार्य 10 अप्रैल से आरंभ होगा. पंजीयन के लिए किसानों को गिरदावरी और पासबुक आवश्यक रूप से पंजीयन फॉर्म के साथ अपलोड करनी होगी.

समर्थन मूल्य पर खरीद बायोमेट्रिक अभिप्रमाणन के आधार पर की जाएगी. सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस वर्ष राज्य में नोडल एजेंसी नेफेड के साथ-साथ एनसीसीएफ द्वारा भी दलहन-तिलहन की खरीद का कार्य राजफैड के माध्यम से कराया जाना है. इसके लिए सरसों एवं चने हेतु एनसीसीएफ को 217-217 और नेफेड को 288-288 क्रय केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं. इस प्रकार, राज्य में सरसों और चने के कुल 505-505 क्रय केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी जिलेवार सूची जारी कर दी गई है.

**इन जिलों में होगी खरीद शुरू** : मंत्री गौतम दक ने बताया कि एनसीसीएफ की ओर से राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर, जोधपुर, बीकानेर एवं कोटा के 19 जिलों में तथा नेफेड द्वारा राजफैड क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर, उदयपुर, श्रीगंगानगर एवं भरतपुर क्षेत्र के 21 जिलों में खरीद कार्य करवाया जाएगा. उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा आगामी सीजन के लिए सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल एवं चने का समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है.

# प्रदेश के 99 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को मिलेगा डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र




24 न्यूज अपडेट

जयपुर 18 मार्च। प्रदेश के 99 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र के लिए चुना गया है। महानिदेशक पुलिस श्री उत्कल रंजन साहू ने सोमवार को इस संबंध में एक आदेश जारी कर चयनित 99 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची जारी की है।

महानिदेशक पुलिस राजस्थान श्री साहू ने बताया कि पुलिस विभाग में कार्यरत पुलिस सेवा के अधिकारी व कर्मचारियों के मनोबल वृद्धि के लिए महानिदेशक पुलिस प्रशस्ति डिस्क एवं प्रशस्ति रोल दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इस सम्बंध में खेल, प्रशिक्षण, रिजर्व पुलिस लाईन, सामान्य प्रशासन, कल्याण और पर्यवेक्षण में सुधार की दिशा में किए गए विशिष्ट प्रयास के क्षेत्र तथा अपराध नियंत्रण, प्रशासन, कानून-व्यवस्था एवं इन्टेलिजेन्स के क्षेत्र में प्राप्त प्रस्तावों पर चयन समिति की अनुशंसा के अनुसार 99 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सराहनीय कार्य के फलस्वरूप "डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति-रोल" के लिए चुना गया है।

### 9 आईपीएस सहित 44 को खेल, प्रशिक्षण, रिजर्व पुलिस लाईन, सामान्य प्रशासन, कल्याण और पर्यवेक्षण में सुधार के क्षेत्र में

इनमें अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस मालिनी अग्रवाल व विशाल बंसल, निदेशक इंटेलिजेंस ट्रेंनिंग एकेडमी दीपक भार्गव, उपमहानिरीक्षक पुलिस विकास शर्मा व राहुल कोटोकी, एसपी जय यादव, अरशद अली, डॉ अमृता दुहन, कावेंद्र सिंह सागर, कमांडेंट सौरभ कोठारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यशविनि राजोरिया, विमल सिंह, किशोरी लाल, देशराज गुर्जर, पुलिस उपाधीक्षक अंगद शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा, देवेंद्र सिंह, राजेश कसाना, सीताराम बैरवा, उपनिदेशक एफएल शिवलाल धाकड़, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी शिवलाल धाकड़, वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक गिन्नी कुमावत, शिवकुमार शामिल है।

इसी प्रकार पुलिस निरीक्षक दीपक यादव, पंकज राज, योगेंद्र सिंह, विजय मीणा, सेवानिवृत्त कंपनी कमांडर महेंद्र सिंह, पुलिस उप निरीक्षक सुरेश कुमार, भंवर सिंह, मुकेश कुमार, अंतु लाल, प्लाटून कमांडर रामकिशन, कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक रमेश कुमार जांगिड़, हेड कांस्टेबल सुरेश सिंह, घेवर राम, कांस्टेबल जोगाराम, घासी लाल, राकेश मीणा, नगा राम, अनिल कुमार, थान सिंह, मनोज कुमार सौंकरिया एवं राजेंद्र कुमार को चुना गया है।

### 12 आईपीएस सहित 55 को अपराध नियंत्रण, प्रशासन, कानून-व्यवस्था एवं इन्टेलिजेन्स के क्षेत्र में

इनमें महा निरीक्षक पुलिस प्रफुल्ल कुमार, विकास कुमार, अंशुमन भोमिया, राहुल प्रकाश, अनिल कुमार टांक, डीसीपी तेजस्वनी गौतम, पुलिस अधीक्षक गौरव यादव, सुधीर जोशी, धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार मीणा, राजेश कुमार मीणा, ऋचा तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार यादव, कीर्ति सिंह, कालूराम वर्मा, पुलिस उप अधीक्षक विवेक सिंह राव, गिरिराज मीणा, सहायक निदेशक एफएसएल डॉ के एन वशिष्ठ, डॉ आनंद कुमार, डॉ बैजू माथुर शामिल है।

इसी प्रकार पुलिस निरीक्षक बनवारी लाल मीणा, संजय गोदारा, रविंद्र सिंह खींची, हनवन्त सिंह सोढा, सुमन कविया, रामकिशन गोदारा, पुलिस उप निरीक्षक सुमन शेखावत, मनीष शर्मा, भीम सिंह, हेड कांस्टेबल महिपाल सांगवा, वीरेंद्र कुमार, दिलीप सिंह, महेंद्र खटीक, शंभू प्रताप सिंह, शक्ति सिंह राठौड़, पारस कुमार, नवनीत मीणा, कांस्टेबल प्रकाश बिश्नोई, सुनील कुमार, नरेश कुमार, अजीत सिंह, विजय कुमार, विक्रम सिंह, अजय नामदेव, गणेशा राम, अशोक कुमार, देवा राम, शेखर चंद्र, रामकरण, देवेंद्र सिंह, शंकर लाल, विजेंद्र सिंह, चौखा राम, भंवरलाल एवं रमेश कुमार को चुना गया है।

# 19 मार्च से फिर काम पर राजस्थान विधानसभा

## छह में से तीन विधेयकों की तिथि तय, धर्मांतरण कानून पर संशय



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राज्य का वर्ष 2025-26 का बजट पारित होने के बाद बुधवार से विधानसभा की कार्यवाही फिर शुरू होगी. अब विधानसभा के पटल पर रखे छह विधेयकों पर चर्चा चर्चा होनी है. इनमें तीन की तिथि तय कर दी, लेकिन सबसे अहम राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 समेत तीन विधेयकों की तारीख तय नहीं है. 10 मार्च को कार्य सलाहकार समिति की बैठक में 21 मार्च तक के कार्य का बंटवारा किया गया. इसमें तीन विधेयकों की तिथि का जिक्र नहीं किया गया.

सरकार के पास बजट के बाद अब विधेयक पास कराने का काम है. 19 मार्च को प्रवर समिति की ओर से प्रतिवेदित राजस्थान भूजल संरक्षण और प्रबंधन प्राधिकरण विधेयक 2024, 20 मार्च को राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियां संशोधन विधेयक 2025 एवं 21 मार्च 2025 को राजस्थान भू राजस्व संशोधन एवं विधि मान्यकरण विधेयक 2025 पारित किया जाएगा.

**तीन विधेयकों का भविष्य BAC की बैठक पर निर्भरः** इसके बाद सदन पटल पर तीन विधेयकों पर चर्चा बाकी रहेगी. इनमें सबसे महत्वपूर्ण राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 है, जिसे विधानसभा में इसी तीन मार्च को रखा था. राजस्थान विधियां संशोधन विधेयक 2025 व राजस्थान लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान विधेयक 2024 भी सदन से पारित होना है, जिसे 30 जुलाई 2024 को सदन के पटल पर रखा गया था, लेकिन इनकी तिथि तय नहीं है. असल में कार्य सलाहकार समिति की बैठक 20 मार्च को होगी. इसमें तीनों विधेयकों का भविष्य तय होगा. तीनों विधेयकों को राज्य सरकार इसी सत्र में पारित करवाती है या अगले सत्र के लिए रखती है, इसका खुलासा समिति की बैठक के बाद होगा.

# गहलोत बोले- सरकार में किसान ठगा महसूस कर रहे:कहा- सरसों की उपज बाजार में आने के बावजूद MSP पर खरीद क्यों नहीं



24 न्यूज अपडेट

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सरसों की सरकारी खरीद शुरू नहीं करने को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। गहलोत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके आरोप लगाया है कि सरकार में किसान खुद को उपेक्षित और ठगा महसूस कर रहे हैं।

गहलोत ने एक्स पर लिखा- भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसानों को परेशान करने में कोई कसर नहीं रखी जा रही है। सरसों की उपज बाजार में आ चुकी है, लेकिन अभी तक MSP पर सरकारी खरीद की प्रक्रिया शुरू तक नहीं हुई है। गेहूं की अभी कटाई भी नहीं हुई। गेहूं की MSP पर खरीद का पंजीयन शुरू कर दिया है।

### सरसों की एमएसपी पर खरीद नहीं होने का मुद्दा कल विधानसभा में उठाने की तैयारी

विधानसभा में कल कांग्रेस विधायक फिर सरसों की एमआईपी पर खरीद शुरू नहीं करने का मुद्दा उठाने की तैयारी कर रहे हैं। कल शून्यकाल के दौरान सरसों खरीद में देरी का मुद्दा उठाने के लिए विधायक तैयारी कर रहे हैं।

### सरसों की MSP पर खरीद को लेकर विधानसभा में भी कई विधायक उठा चुके मुद्दा

सरसों की एमएसपी पर खरीद के मुद्दे पर पहले भी कई किसान विधानसभा में मुद्दा उठा चुके हैं। विधायकों ने जल्द सरसों की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग उठाई थी। रबी और खरीफ सीजन की फसलों की एमएसपी पर खरीद में अव्यवस्थाओं और लेटलतीफी का मुद्दा पहले भी उठाया जाता रहा है।

# बेदला बंद का सच आया सामने, नरेश प्रजापत बोले




**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। उप प्रधान प्रतापसिंह राठौड़ और पूर्व सरपंच नरेश प्रजापत के बीच राजनीतिक रस्साकशी का दौर लंबे अरसे से जारी है और अब उसमें और अधिक तलिख्यां आने लगी है, आरोप-प्रत्यारोप लगने लगे हैं। आज नरेश प्रजापत के एक कथित ऑडियो को लेकर उप प्रधान प्रतापसिंह राठौड़ ने अचानक सुबह बेदला के बाजार बंद करवा दिए और अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन किया। राठौड़ ने दावा किया कि उन्हें बंद के दौरान उन समाजों का समर्थन हासिल है जिनके खिलाफ वायरल हुए कथित ऑडियो में कुछ अप्रिय लगने वाली बातें कहीं गईं थीं। सुबह मुख्य चौराहे पर प्रजापत के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। इस मामले में 24 न्यूज अपडेट की पड़ताल में सामने आया है कि जिस कथित वायरल ऑडियो को लेकर विवाद हो रहा है अभी उसमें इस बात की कानूनी रूप से पुष्टि नहीं हुई है कि यह ऑडियो नरेश प्रजापत का है। सच का पता लगाने के लिए हमने नरेश प्रजापत से संपर्क किया तो ऑडियो को लेकर प्रजापत ने कहा कि यह ऑडियो उनका नहीं है। यह जान बूझकर उनको बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। यह प्रयास लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने राठौड़ पर आरोप लगाए कि वे उनकी बेदला में और पार्टी में राजनीतिक छवि खराब करने पर तुले हुए हैं। वहीं सुबह प्रदर्शन के दौरान उप प्रधान प्रतापसिंह राठौड़ और उनके समर्थकों ने प्रजापत के लिए कठोर और अप्रिय लगने वाले शब्दों का प्रयोग करते हुए साफ साफ कहा कि प्रजापत की वजह से माहौल खराब हो रहा है। उनके ऑडियो में जो बातें कही गई हैं उनसे सर्व समाज आंदोलित है व बंद को सबका समर्थन हासिल है। जब तक प्रजापत को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। पूरे मामले में 24 न्यूज अपडेट ने पड़ताल की तो सामने आया कि होली के दिन होलिका दहन को लेकर दोनों पक्षों में जबर्दस्त विवाद हुआ था। उसमें जमकर एक दूसरे को लेकर छींटाकशी की गई थी व जिला प्रशासन को दखल देनी पड़ी थी। उसके बाद यह ऑडियो वायरल हुआ था या कुछ लोग कह रहे हैं कि करवाया गया था। इस मामले में अब तक कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है। क्योंकि मामला एक ही पॉलिटिकल पार्टी के लोगों के पदाधिकारियों से जुड़ा हुआ है इसलिए पुलिस भी आज आपसी समझाइश का रास्ता बताकर चली गई। दोपहर बाद बेदला के बाजार भी खुल गए। इस मामले में यह भी सामने आया है कि पिछले चुनावों में हार-जीत को लेकर भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था व तब भी कई आरोप लगाए गए थे जिनसे राजनीतिक गोलबंदी हुई थी व माहौल बना था। अब बेदला में राजनीतिक वर्चस्व स्थापित करने की जोरदार होड़ मची हुई है। दोनों पक्ष चाहते हैं कि उनको पॉलिटिकल माइलेज मिले व इसके लिए विवादों से भी परहेज नहीं किया जा रहा है। मामला आपसी कहासुनी से शुरू हुआ था जिसने अब गंभीर रूप ले लिया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इस बीच कुछ लोगों का यह भी कहना था कि विरोध के लिए बंद करवाने के बजाय कानूनी रास्ता पहले अपनाना चाहिए था। इस तरह से प्रदर्शन कर अचानक बाजार बंद करवाना और रास्ते रोकना कहां तक उचित है।

# 25वां राष्ट्रीय दिव्य कला मेला 21 से उदयपुर में, 20 से अधिक राज्यों के दिव्यांगजन अपने कौशल उत्पादों का करेंगे प्रदर्शन 30 मार्च को होगा दिव्य कला शक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 18 मार्च। झीलों की नगरी उदयपुर एक ओर अनूठे आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। भारत सरकार के विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग (दिव्यांगजन) की ओर से राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम का 25वां राष्ट्रीय दिव्य कला मेला 21 से 30 मार्च तक उदयपुर में आयोजित होगा। नगर निगम के टाउन हॉल परिसर में प्रस्तावित इस 10 दिवसीय मेले में देश भर के दिव्यांग उद्यमियों/कारीगरों के उत्पादों और शिल्प कौशल को प्रदर्शित किया जाएगा। मेले का उद्घाटन 21 मार्च को शाम 4 बजे केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री करेंगे। मेले का समय सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा।

## मेले में यह होगा खास

दिव्य कला मेला दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) के उत्पादों और कौशल के विपणन और प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच प्रस्तुत करता है। इसमें देश के 20 से राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से 100 से अधिक दिव्यांग उद्यमी और कलाकारों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, हथकरघा, कढ़ाई के काम और पैकेज्ड फूड सहित देश के विभिन्न हिस्सों के जीवंत उत्पाद एक साथ प्रदर्शित किए जाएंगे। यह दिव्यांगजन के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक अनूठी पहल है। इसमें गृह सज्जा और जीवन शैली, कपड़े, स्टेशनरी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड खाद्य और जैविक उत्पाद, खिलौने और उपहार, व्यक्तिगत सहायक सामग्री आभूषण, क्लच बैग सहित सैकड़ो तरह की सामग्री बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगी।

देशभर के व्यंजनों का भी मिल सकेगा स्वाद

आयोजन के दौरान दिव्यांगजनों की ओर से ही देश के विभिन्न प्रांतों के प्रसिद्ध व्यंजनों की स्टॉल्स भी लगाई जाएंगी। इससे शहरवासी और पर्यटक एक ही स्थान पर देश भर के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ ले सकेंगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रहेगी धूम

दिव्य कला मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसमें दिव्यांगजन सहित कई पेशेवर कलाकारों की प्रस्तुतियां रोमांचित करेंगी। 30 मार्च को देश के विभिन्न हिस्सों से दिव्यांग कलाकारों द्वारा इस मेले में दिव्य कला शक्ति नामक एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

वोकल फॉर लोकल एण्ड लोकल फोर ग्लोबल

अपनी तरह का यह अनूठा आयोजन सभी के लिए वोकल फॉर लोकल होने तथा लोकल फॉर ग्लोबल की अवधारणा को बल देने का अवसर सिद्ध होगा।

## राजस्थान में दूसरी बार

दिव्य कला मेले की शुरूआत 2022 से हुई थी। पहला मेला दिसम्बर 2022 को दिल्ली में आयोजित हुआ था। अब तक इसके 24 संस्करण हो चुके हैं। राजस्थान में यह दूसरा अवसर होगा, जब दिव्य कला मेला होने जा रहा है। इससे पूर्व दिव्य कला मेले छठा संस्करण 29 जून से 5 जुलाई 2023 को जयपुर में आयोजित हुआ था।

# सोसायटीज के लिक्विडेशन में एसओपी की हो अक्षरशः पालना - अतिरिक्त रजिस्ट्रार, अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत अवसायन के संबंध में कार्यशाला




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 18 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत राज्य स्तरीय कलेण्डर के अनुसार अवसायनाधीन अर्थात् समापन योग्य सहकारी समितियों के लिक्विडेशन के संबंध में संभाग स्तरीय कार्यशाला मंगलवार को प्रतापनगर स्थित केंद्रीय सहकारी बैंक प्रधान कार्यालय परिसर में अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितियां उदयपुर श्रीमती गुंजन चौबे की अध्यक्षता में हुई। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी आशुतोष भट्ट रहे।

प्रारंभ में केन्द्रीय सहकारी बैक उदयपुर के प्रबन्ध निदेशक अनिमेश पुरोहित ने स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा और विषय वस्तु की जानकारी दी। खण्डीय अतिरिक्त रजिस्ट्रार श्रीमती चौबे ने अवसायन के संबध में सहकारिता मंत्रालय केन्द्र सरकार की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी के अनुरूप अक्षरक्षः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यशाला चार सत्रों में आयोजित की गई। इसमें उप रजिस्ट्रार लोकेश जोशी ने केन्द्र सरकार द्वारा अवसायनाधीन समितियों के संबध में जारी आदर्श कार्य नियमावली के संबध में विस्तृत जानकारी दी। विशेष लेखा परीक्षक कौटिल्य भट्ट ने अवसायनाधीन समितियों के कार्य निष्पादन में राजस्थान सहकारी संस्था सोसायटी अधिनियम 2001 में प्रवर्तित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में उदयपुर संभाग के चारों जिले के अवसायक, निरीक्षकों एवं दुग्ध संघ के प्रतिनिधियों सहित उदयपुर संभाग के केन्द्रीय सहकारी बैकों के प्रबन्ध निदेशक, सहकारी समितियों के उप/सहायक रजिस्ट्रार, विशेष लेखा परीक्षक एवं निरीक्षकगण उपस्थित रहे।

# फील्ड क्लब में, आचार संहिता, बाहर चले रहे पार्टियों के दौर, ओएमआर शीट पर पड़ेंगे वोट, 22 तक नो ड्यूज




पदों पर उम्मीदवारों की सूची:

| पद | उम्मीदवार |
|---|---|
| उपाध्यक्ष | भूपेंद्र श्रीमाली, सुनील मोगरा |
| सचिव | बलविंदर सिंह होडा, CA मनीष नलवाया, उमेश मनवानी |
| कोषाध्यक्ष | अब्बास अली, गौरव सिंघवी, ललित चोर्डिया |
| कार्यकारी सदस्य | अमित कोठारी, भानुप्रताप धाबाई, ध्रुवी नलवाया, गौरव व्यास, जितेश वनवारिया, कविता कुमावत, मुकेश माधवानी, संदीप खतुरिया, सुलभ धरमावत, डॉ. वनिता सिंघी |

**मुख्य चुनाव विवरण:**

मतदान तिथिः 23 मार्च 2025

समयः सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

मतगणनाः शाम 6:00 बजे से

विशेष सुविधाः सीनियर सिटीजन और अस्वस्थ मतदाताओं के लिए गोल्फ कार की व्यवस्था

मतदाता संख्याः 3699

मतदान प्रक्रियाः

एक मतदाता को 10 वोट डालने होंगे।

उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और 7 कार्यकारी सदस्यों का चयन करना अनिवार्य होगा।

कार्यकारी सदस्य के लिए 7 वोट नहीं डालने पर मतपत्र रद्द कर दिया जाएगा।

**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। शहर के प्रतिष्ठित फील्ड क्लब के चुनाव 23 मार्च को होने जा रहे हैं। इसके लिए सभी पदों पर प्रतिष्ठित सदस्यों ने ताल ठोक दी है और प्रचार में सोशल मीडिया का जमकर उपयोग किया जा रहा है। क्लब में आचार संहिता लग चुकी है लेकिन क्लब के बाहर किलेबंदी ओर मोर्चाबंदी हो गई है व रोज पार्टियों का दौर चल रहा है जिसमें गले तर करते हुए वोटों को अपने पक्ष में करने की राणनीतियां बनाई जा रही है। जो लोग दूसरी व तसरी बार चुनाव मैदान में उतरे हैं उनके लिए यह एडवांटेज है कि पूरी चुनावी प्रक्रिया उनकी देखी परखी है व उस पर उनकी पैनी नजर भी है। चुनाव का जिम्मा संभालने वाले अधिकारी बीआर भाटी ने 24 न्यूज अपडेट को बताया कि 23 तारीख को वोटिंग होगी, आज मतपत्र फाइनल हो गया है। विभिन्न पदों पर विभिन्न लोगों ने ताल ठोकी है। इस बार चुनाव ओएमआर शीट पर होंगे व उसी पर सभी सदस्यों को अपनी पसंद के प्रत्याशी के नाम के सामने गोले बनाते हुए उन्हें वोट देने होंगे। उसके बाद मशीन से ओएमआर शीट पर पड़े वोटों की गणना की जाएगी। इससे समय बचेगा व परिणाम जल्दी आएगा। इस बार भी क्लब में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर के खास क्लासिक लोगों के बीच चुनाव होने से कई तबकों की उस पर नजर भी है और क्लब में नए पुराने सदस्यों, पॉलिटिकल मित्रों आदि के पगफेरे भी बढ़ गए हैं। बताया जा रहा है कि करीब चार हजार वोटर हैं। चुनाव अधिकारी भाटी ने बताया कि 22 तारीख तक नो ड्यूज करवाने वालों को चुनाव में वोट देने का अधिकार होगा। इधर, चुनाव में खड़े प्रत्याशियों में से केवल तीन ही महिला प्रत्याशी हैं और वह भी कार्यकारी सदस्य के पद पर चुनाव मैदान में हैं।

# मार्च माह के अंतिम दिनों में परिवहन विभाग मुस्तैद बिना टेक्स जमा कराए वाहनों की धरपकड़ हुई तेज मंगलवार को 50 से अधिक वाहनों को किया सीज

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 18 मार्च। भार वाहनों के नियमित एवं बकाया कर जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 मार्च बीतने के साथ ही उदयपुर परिवहन क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बिना टेक्स जमा कराए वाहनों की धरपकड़ तेज कर दी है। मंगलवार को उदयपुर परिवहन क्षेत्र में 50 से अधिक भार एवं यात्री वाहनों को टेक्स जमा नहीं पाए जाने से उन्हें सीज़ किया गया। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा विभाग को आवंटित राजस्व लक्ष्य का आज दिनांक तक लगभग 50 प्रतिशत से अधिक का राजस्व अर्जन हो चुका है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने वाहन स्वामियों को पुराना बकाया कर वसूली के लिए ब्याज व पेनल्टी के अलावा ई-रवन्ना चालानों में भी छूट देने हेतु एमनेस्टी योजना लागू की है। एमनेस्टी योजना में यह छूट टोल नाकों और खान विभाग के ई-रवन्ना के आधार पर दर्ज ओवरलोड प्रकरणों को बहुत ही कम प्रशमन राशि पर निस्तारित करने हेतु लागू की गई है। आरटीओ ने बताया कि भार एवं यात्री वाहनों के नियमित एवं बकाया कर की वसूली एवं एमनेस्टी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागीय उड़नदस्तों के साथ विभागीय अधिकारियों द्वारा भी वाहनों की चैकिंग की जा रही है। उदयपुर में अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नानजीराम गुलसर एवं जिला परिवहन अधिकारी नितिन बोहरा के नेतृत्व में 24 घंटे प्रवर्तन कार्य किए जा रहें हैं। इसके तहत 50 से अधिक भार एवं यात्री वाहनों को सीज़ कर लिया गया है। इसके अलावा उड़नदस्तों को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर चैकिंग के साथ ही तहसीलवार तैनात किया गया है ताकि अधिकाधिक राजस्व अर्जन के साथ साथ वाहन स्वामियों को एमनेस्टी एवं अन्य विभागीय लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की कि राज्य सरकार द्वारा उनके हित में एमनेस्टी योजना सीमित अवधि के लिए लागू की है। इसलिए इसका अधिकाधिक लाभ उठाते हुए 31 मार्च से पूर्व ही विभाग की बकाया सुगमता से ऑनलाईन जमा कराएं। 31 मार्च के बाद सभी आरोपित एवं डिफॉल्टर वाहनों की धरपकड़ का व्यापक और सघन अभियान चलाया जाएगा। जिसमें वाहनों को सीज़ करते हुए उनकी आर.सी., फिटनेस, परमिट आदि निलम्बित एवं निरस्तीकरण के साथ ही समस्त प्रकार की बकाया राशि पेनल्टी मय ब्याज़ वसूल की जाएगी।

# रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी पर जानलेवा हमले के आरोपी को जिला बदर करने की मांग, कठोर सजा दिलाने के लिए बड़ी तादाद में श्रीमाली समाज जिला कलेक्ट्री पर जुटा



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर के बड़गांव इलाके में बापू नगर कॉलोनी में सूरज को जल चढ़ा रहे ओम शंकर श्रीमाली पर चाकू से हमला करने के आरोपी को जिला बदर करने की मांग की है। श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड़ के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली के नेतृत्व में आज बड़ी तादाद में समाज के लोग जिला कलेक्ट्री पर जमा हुए और उदयपुर जिला अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर हमलावर ऋतिक श्रीमाली के खिलाफ सख्त से सख्त सजा दिलाने और उसे उदयपुर जिला बदर करने की मांग की।

ओम शंकर श्रीमाली रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी है और वह सोमवार को अपने घर के बाहर सूरज को जल चढ़ा रहे थे। इस दौरान पीछे से दौड़ते हुए आकर उनके मकान के सामने रहने वाले ऋतिक श्रीमाली ने चाकू से हमला कर दिया। इसमें ओम शंकर श्रीमाली घायल हो गए इन्हें इलाज के लिए चिकित्सालय ले जाया गया और उनके बीस टांके आए। अभी उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। श्रीमाली समाज ने इस घटना की पुरजोर शब्दों में निंदा की और हमलावर को समाजकंटक बताते हुए कठोर सजा की मांग की है। जिला पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में बताया कि ऋतिक श्रीमाली आदतन अपराधी है और पूर्व में भी कई गंभीर अपराध कर चुका है। श्रीमाली समाज द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि ऋतिक श्रीमाली की हिस्ट्री शीट खोली जाए क्योंकि वह सिर्फ आदतन अपराधी ही नहीं है बल्कि जिस कॉलोनी में रहता है उस कॉलोनी की महिलाएं और बच्चे भी उसके आतंक से खौफ में है। जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है कि यदि अपराधी के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी तो आगे इलाके के लोगों को खतरा बरकरार है। जिला कलेक्ट्री पर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल से मुलाकात करने के साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा से भी समाज के लोगों ने मुलाकात की। इस दौरान श्रीमाली ब्राह्मण समाज मेवाड़ के महामंत्री दिनेश श्रीमालीसहित कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सुरेश श्रीमाली, भावप्रकाश दशोत्तर, प्रफुल्ल श्रीमाली, उदयलाल श्रीमाली, लोकेश श्रीमाली, उमेश श्रीमाली, अनीश दुर्गावत, जयंत श्रीमाली, गिरीश श्रीमाली, गणेश श्रीमाली सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में ऋतिक श्रीमाली पर सख्त कार्रवाई की मांग की। आपको बता दे की ओम शंकर श्रीमाली श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं।

# ज्योति कलश यात्रा का स्वागत



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। ज्योति कलश यात्रा अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार से भारत भ्रमण पर निकली है। नरेश पूर्बिया ने बताया सी ब्लॉक सेक्टर 9 उदयपुर कि पंडित अल्केश पंडिया ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई एवं आरती करवाई गई। सभी महिला एवं पुरुष द्वारा रथ यात्रा का स्वागत किया गया एवं मां गायत्री की पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने कलश यात्रा का खूब आनंद लिया एवं धार्मिक गीतों के साथ खूब नाच गान किया ।कार्यक्रम में डालचंद चौधरी, दया लाल चौधरी, गिरवर चौधरी, कैलाश चौधरी ,नरेश पूर्बिया,किसन चौधरी, वृद्धि चंद्र चौधरी, दीपक चौधरी ,चेतन चौधरी, गजेंद्र चौधरी ,प्रकाश चौधरी , योगेश चौधरी ,नीतू चौधरी, कमला चौधरी, गायत्री चौधरी,नम्रता चौधरी, रेनू चौधरी, चंद्रकला चौधरी सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। निखिलेश्वर महादेव मंदिर में दीप यज्ञ हुआ एवं महामृत्युंजय मंत्र एवं गायत्री मंत्रो के साथ की आहुति दी गई। विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई इस कार्यक्रम में करीब 500 महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। गायत्री परिवार से रमेश आचार्य, कैलाश व्यास ,भानु भटनागर सहित कई सदस्य रथ यात्रा के साथउपस्थित थे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।